भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(खेल विभाग)
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 3029
उत्तर देने की तारीख 13 अगस्त, 2026
22 श्रावण, 1948 (शक)

अहमदाबाद में स्पोर्ट्स सिटी हेतु वित्तीय सहायता

3029 श्री प्रवीण चक्रवर्ती:

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) अहमदाबाद में प्रस्तावित स्पोर्ट्स सिटी के लिए परियोजना की शुरुआत से वर्ष-वार स्वीकृत केंद्रीय निधियों का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या राष्ट्रमंडल खेलों तथा ओलंपिक की मेजबानी के लिए की जा रही तैयारियों सहित अन्य प्रमुख बहु-खेल आयोजनों की तैयारी कर रहे अन्य शहरों में खेल अवसंरचना परियोजनाओं के लिए भी इसी प्रकार की केंद्रीय वित्तीय सहायता प्रदान की गई है;

(ग) यदि हां, तो जारी की गई निधियों का शहर वार ब्यौरा क्या है; और

(घ) मंत्रालय द्वारा इस प्रकार की बुनियादी ढांचा अनुदानों के लिए शहरों को प्राथमिकता देने हेतु क्या मानदंड अपनाए गए हैं?

उत्तर

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री
(डॉ. मनसुख मांडविया)

(क) से (घ) : 'खेल' राज्य का विषय होने के कारण प्रमुख खेल स्पर्धाओं की मेजबानी के लिए विभिन्न शहरों में खेल अवसंरचना और सुविधाओं के विकास और सुदृढ़ीकरण सहित खेलों के विकास का उत्तरदायित्व मुख्य रूप से संबंधित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र की सरकारों का होता है। केन्द्र सरकार महत्वपूर्ण कमियों को दूर करके उनके प्रयासों में सहायता करती है।

निधियां स्कीम-वार आबंटित और जारी की जाती हैं, राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार तथा घटक-वार नहीं। पिछले पांच वर्ष के दौरान गुजरात राज्य सहित देशभर में खेलो इंडिया स्कीम सहित खेल विभाग की विभिन्न खेल विकास स्कीमों के तहत आवंटित निधि और किए गए व्यय का विवरण निम्नानुसार है:

(करोड़ रु.)

वित्तीय वर्ष	आवंटित निधि	किया गया व्यय
2025-26	2347.14	2228.88
2024-25	2332.50	2136.97
2023-24	2380.86	2329.35
2022-23	1907.69	1879.99
2021-22	1993.00	1748.76

इसके अलावा, इस मंत्रालय द्वारा कार्यान्वित खेलो इंडिया स्कीम और राष्ट्रीय खेल विकास निधि (एनएसडीएफ), जिसके अंतर्गत खेल अवसंरचना के विकास के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है, मांग-आधारित स्कीमें हैं। इस मंत्रालय की स्कीमों के अंतर्गत प्रस्तावों की प्राप्ति एक सतत प्रक्रिया है। राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकार और अन्य पात्र संस्थाओं से वित्तीय सहायता के लिए प्राप्त प्रस्तावों पर उनकी पूर्णता, तकनीकी व्यवहार्यता और स्कीम के अंतर्गत निधियों की उपलब्धता के आधार पर विचार किया जाता है। गुजरात राज्य सहित देश भर में खेलो इंडिया स्कीम और राष्ट्रीय खेल विकास निधि (एनएसडीएफ) के तहत स्वीकृत खेल अवसंरचना परियोजनाओं और उनकी स्वीकृत लागत, जारी की गई निधि और उनकी वास्तविक और वित्तीय प्रगति का विवरण मंत्रालय के डैशबोर्ड क्रमशः https://mdsd.kheloindia.gov.in और http://www.nsdf.yas.gov.in/nsdf-glance.html पर पब्लिक डोमेन में उपलब्ध है।

यह मंत्रालय, राज्य सरकारों और अन्य हितधारकों के समन्वय से, आधुनिक खेल अवसंरचना के विकास, उच्च प्रदर्शन प्रशिक्षण सुविधाओं और उत्कृष्टता केन्द्रों के विस्तार, राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के संवर्धन और प्रमुख खेल प्रतियोगिताओं की मेजबानी के लिए सहायता प्रदान करने के माध्यम से खेल पारिस्थितिकी तंत्र को निरंतर सुदृढ़ करता है।

*****